भारत सरकार
गृह मंत्रालय
**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या *21**

दिनांक 01.12.2015/ 10 अग्रहायण, 1937 (शक) को उत्तर के लिए

**सांप्रदायिक हिंसा**

†*21. कुमारी सुष्मिता देवः
श्री रवीन्द्र कुमार जेनाः

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्र सरकार को देश के विभिन्न हिस्सों में हुई सांप्रदायिक घटनाओं की जानकारी मिली है;
(ख) यदि हां, तो 2014 से महीनेवार मिली सांप्रदायिक घटनाओं की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है;
(ग) क्या केन्द्र सरकार ने ऐसी सांप्रदायिक घटनाओं के कारणों के संबंध में संबंधित राज्य-सरकारों और संघ राज्य प्रशासनों से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) क्या सरकार ने ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए जारी किए गए परामर्शों के प्रभाव का आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री **(श्री किरेन रिजिजू)**

**(क) से (घ): एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।**

**दिनांक 01 दिसम्बर, 2015 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 21 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में विवरण।**

**(क) और (ख): जी हां। गृह मंत्रालय को ज्ञात है कि वर्ष 2014 में 644 और वर्ष 2015 (अक्तूबर, 2015) में 650 साम्प्रदायिक घटनाएं घटित हुई। राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार विवरण अनुलग्नक-I में दिया गया है।**

**(ग) और (घ): सभी प्रमुख और महत्वपूर्ण घटनाओं के संबंध में संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन से निरपवाद रूप से विस्तृत रिपोर्टें प्राप्त की जाती हैं ताकि तत्काल सुविज्ञता के प्रयोजन से देश के सभी राज्यों के साथ उचित परामर्शी-पत्र/सूचना साझा की जा सके। भारत के संविधान के उपबंधों के अनुसार 'लोक व्यवस्था' और 'पुलिस' राज्य के विषय हैं। कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने, अपराध दर्ज करने और अभियोजन की जिम्मेदारी प्राथमिक रूप से संबंधित राज्य सरकारों की है। देश में साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए केन्द्र सरकार, आसूचना के आदान-प्रदान, चेतावनी संदेश, परामर्शी-पत्र भेजने, संबंधित राज्य सरकारों के विशिष्ट अनुरोधों पर साम्प्रदायिक स्थितियों से निपटने के लिए विशेष रूप से गठित कम्पोज़िट द्रुत कार्रवाई बल सहित केन्द्रीय पुलिस बल को भेजने जैसे विभिन्न तरीकों और राज्य पुलिस बलों के आधुनिकीकरण के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों की सहायता करती है।**

**गृह मंत्रालय द्वारा जारी किए गए परामर्शी-पत्रों का राज्य सरकारों की तत्काल सुविज्ञता और साम्प्रदायिक स्थिति को नियंत्रित करने और उससे निपटने के लिए उचित आसूचना मुहैया कराने पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। संबंधित राज्य सरकारों से मांगी गई रिपोर्टों का ब्यौरा अनुलग्नक-II में दिया गया है।**

**अनुलग्नक-II**

**दिनांक 01.12.2015 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 21 के भाग (ग) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**वर्ष 2014 और 2015 (अक्तूबर तक) की प्रमुख/महत्वपूर्ण साम्प्रदायिक घटनाओं के बारे में संबंधित राज्य सरकारों से मांगी गई रिपोर्टों का ब्यौरा**

2014

| क्रम सं. | राज्य | घटनास्थल और तारीख | रिपोर्ट मांगने की तारीख | रिपोर्ट प्राप्त होने की तारीख |
|---|---|---|---|---|
| **1.** | **उत्तर प्रदेश** | **कुतुबशेर 26.7.2014** | **27.7.2014, 30.7.2014** | **31.7.2014** |
| **2.** | **आन्ध्र प्रदेश** | **हैदराबाद 14.5.2014** | **15.5.2014** | **15.5.2014, 16.5.2014** |
| **3.** | **महाराष्ट्र** | **पुणे 2.6.2014** | **4.6.2014, 5.6.2014** | **5.6.2014** |
| **4.** | **गुजरात** | **बड़ोदरा 25.9.2014** | **29.9.2014** | **29.9.2014** |
| **5.** | **दिल्ली** | **त्रिलोकपुरी 24/25 अक्तूबर., 2014** | **27.10.2014, 30.10.2014** | **3.11.2014** |
| **6.** | **हरियाणा** | **पलवल 11/12 नवम्बर, 2014** | **14.11.2014, 19.11.2014** | **28.1.2015** |

**2015**

| क्रम सं. | राज्य | घटनास्थल और तारीख | रिपोर्ट मांगने की तारीख | रिपोर्ट प्राप्त होने की तारीख |
|---|---|---|---|---|
| **1.** | **हरियाणा** | **अटली गांव, फरीदाबाद 25.5.2015** | **27.5.2015** | **1.6.2015, 6.7.2015, 6.11.2015** |
| **2.** | **उत्तर प्रदेश** | **गांव विसहड़ा, गौतमबुद्ध नगर 28/29 सितम्बर, 2015** | **1.10.2015, 5.10.2015 और 6.10.2015** | **6.10.2015** |

*** प्रमुख घटनाएं - जहां पांच से अधिक व्यक्ति मारे गए हों/या दस घायल हुए हों या जिसके कारण हताहतों/घायल व्यक्तियों की संख्या अधिक हो/संपत्ति की व्यापक क्षति हुई हो।**

**महत्वपूर्ण घटनाएं - जहां न्यूनतम एक व्यक्ति मारा गया हो या न्यूनतम दस व्यक्ति घायल हुए हों।**

-----

**अनुलग्नक-।**

**लोक सभा ता.प्र. सं.-21**

| दिनांक 01.12.2015 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 21 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण जिसमें वर्ष 2014 और चालू वर्ष 2015 (जनवरी से अक्तूबर) के दौरान साम्प्रदायिक घटनाओं की संख्या दर्शाई गई है। | | |
|---|---|---|
| | 2014 | 2015 (जनवरी से अक्तूबर) |
| | घटनाएं | घटनाएं |
| | 0 | 0 |
| आन्ध्र प्रदेश | 5 | 4 |
| अरुणाचल प्रदेश | 0 | 0 |
| असम | 1 | 2 |
| बिहार | 61 | 59 |
| चंडीगढ | 0 | 0 |
| छत्तीसगढ़ | 0 | 2 |
| दिल्ली | 7 | 5 |
| दादरा और नगर हवेली | 0 | 0 |
| दमण और दीव | 0 | 0 |
| गोवा | 0 | 0 |
| गुजरात | 74 | 47 |
| हरियाणा | 4 | 3 |
| हिमाचल प्रदेश | 0 | 1 |
| जम्मू और कश्मीर | 0 | 2 |
| झारखंड | 10 | 24 |
| कर्नाटक | 73 | 79 |
| केरल | 4 | 1 |
| लक्षद्वीप | 0 | 0 |
| मध्य प्रदेश | 56 | 86 |
| महाराष्ट्र | 97 | 97 |
| मणिपुर | 0 | 0 |
| मेघालय | 0 | 0 |
| मिजोरम | 0 | 0 |
| नागालैंड | 0 | 0 |
| ओडिशा | 3 | 0 |
| पुदुचेरी | 0 | 0 |
| पंजाब | 0 | 0 |
| राजस्थान | 72 | 54 |
| सिक्किम | 0 | 0 |
| तमिलनाडु | 15 | 3 |
| तेलंगाना | 5 | 10 |
| त्रिपुरा | 0 | 0 |
| उत्तराखंड | 8 | 8 |
| उत्तर प्रदेश | 133 | 139 |
| पश्चिम बंगाल | 16 | 24 |
| कुल | 644 | 650 |

-----